आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.01.2026/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें प्रदेश की विकास यात्रा में साझेदार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को गांवों में ही स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत युवाओं को कार्प मछली पालन के लिए 12 लाख 40 हज़ार रूपये प्रति हैक्टेयर इकाई लागत तय की गई है। इस पर सरकार 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। इससे छोटे और सीमांत मछली पालकों का आर्थिक बोझ कम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से हिमाचल अब फल राज्य से नीली क्रांति के राज्य के रूप में भी पहचान बना रहा है।

अनिरूद्ध सिंह

शिमला के चलौंठी में फोरलेन टनल निर्माण के चलते कई भवनों को खतरा पैदा हो गया है। टनल के भीतर हो रही ब्लास्टिंग से चलौंठी में कई घरों में दरारें आ गई है। इसके चलते बीती रात एक बहुमंजिला भवन को खाली करवाना पड़ा। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज घटना स्थल का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। अनिरूद्ध सिंह ने इस मौके पर एनएचएआई के अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संजौली–ढली बाईपास पर घरों के साथ–साथ सड़क किनारे भी बड़ी–बड़ी दरारें आ गई हैं। इस कारण सड़क को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद करना पड़ रहा है।

दूसरी ओर प्रभावित परिवारों ने एनएचएआई पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

हिमाचल प्रदेश–बस दुर्घटना

प्रदेश सरकार ने सिरमौर ज़िला के हरिपुरधार के पास बीते रोज हुई निजी बस दुर्घटना की मैजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। ये जांच 15 दिनों के भीतर पूरी होगी। जांच का जिम्मा एस.डी.एम संगड़ाह को सौंपा गया है। इस दुर्घटना में 14 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 52 अन्य घायल हैं। बस में 66 यात्री सवार थे। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व रेणुका जी से विधायक विनय कुमार और सिरमौर के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने आज घटनास्थल का दौरा किया। विनय कुमार ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार घायलों की हर संभव सहायता कर रही है और उन्हें मुफ्त उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से सभी मृतकों के परिजनों को 25–25 हजार रूपए की फौरी नगद राहत उपलब्ध करवाई गई है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी इस बस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है।

लखनपाल

बड़सर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश सरकार पर इस चुनाव क्षेत्र से विकास में भेदभाव करने का आरोप लगाया है। लखनपाल ने आज एक बयान में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बड़सर के लिए स्वीकृत क्रिटिकल केयर यूनिट का कार्य अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा शुरू न करना इसका जीता–जागता उदाहरण है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि प्रदेश सरकार राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस यूनिट का कार्य लंबित कर रही है।

संदीपनी भारद्वाज

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार के जनमंच कार्यक्रम के मॉडल की नकल करने का आरोप लगाया है। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस सरकार जनमंच का नाम बदलकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है क्योंकि लोगों की समस्याएं आज भी हल नहीं हो रही है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा के मॉडल को चुराकर अपनी विफलताओं को छिपाना चाहती है लेकिन जनता सब समझ रही है। संदीपनी भारद्वाज ने दावा किया कि जनता भाजपा के साथ खड़ी है।